नान कम्युनिकेबल डिजीज स्क्रीनिंग (एनसीडी स्क्रीनिंग)

चर्चा में क्यों?

- 13 दिसंबर, 2021 को आज़ादी के अमृत महोत्सव कैंपेन तथा दिल्ली में आयोजित यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज दिवस पर नान कम्युनिकेबल डिजीज स्क्रीनिंग (एनसीडी स्क्रीनिंग) केटेगरी में झारखंड को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- एनसीडी स्क्रीनिंग केटेगरी में तीसरे स्थान का यह पुरस्कार केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती पवार के द्वारा प्रदान किया गया, जिसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अभियान निदेशक रमेश घोलप और स्टेट नोडल ऑफीसर एनसीडी डॉ. ललित रंजन पाठक ने अपनी टीम के साथ ग्रहण किया।
- इस समारोह में गुमला ज़िले के गम्हरिया स्थित आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्यरत टीम में शामिल सीएचओ अल्का खलखो, एएनएम बरेन मिंज और सहिया सालो देवी को उत्कृष्ट सेवा का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- स्टेट नोडल ऑफीसर डॉ. एलआर पाठक ने बताया कि झारखंड में अब तक कुल 1633 आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं। राज्य के 1633 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के दौरान कुल 2,33,189 वयस्क व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। यह भारत सरकार द्वार निर्धारित लक्ष्य 1,61,900 से 71,289 अधिक है।
- इस दौरान सभी आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य संबंधी कुल 15,684 गतिविधियाँ की गई, जिनमें राज्य के कुल 4,45,853 लोगों ने भाग लिया।
- प्रति सेंटर 100 गैर-संचारी रोगों (नान कम्युनिकेबल डिजीज) की जांच और इलाज, प्रति सेंटर 10 वेलनेस एक्टिविटी (योगा सेशन, मॉर्निंग वॉक आदि) प्रमुख गतिविधियाँ तय की गई थीं।
- आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के साथ गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर सभी स्वास्थ्य दिवस पर विशेष जाँच, योग एवं अन्य स्वास्थ्य सबंधी गतिविधियाँ कराई जा रही हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/non-communicable-disease-screening-ncd-screening-